1. भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए
   1. इसमें भारतीय समाज को समझने हेतु ऐसे ग्रन्थों एवं महाकाव्यों को प्रयोग में लाया जाता है जिसमें समाज का विशद् वर्णन होता है।
   2. आधुनिक भारतीय संस्थाओं की व्याख्या प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त तथ्यों द्वारा ही सम्भव है।
   3. जो ग्रन्थ जितना प्राचीन होगा वह उतना ही प्रमाणिक होगा।
   4. इसे 'पुस्तकीय परिप्रेक्ष्य' भी कहा जाता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

   (a) 1 और 2
   (b) 2 और 4
   (c) 3 और 4
   (d) ये सभी

2. सुमेलित कीजिए

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| A. | प्रो.ए आर पिल्लै | 1. | हिन्दू समाज का विवेचन |
| B. | पी एच प्रभु | 2. | हिन्दू सामाजिक संगठन पर अध्ययन |
| C. | के एम कपाड़िया | 3. | जाति पर अध्ययन |
| D. | इरावती कर्वे | 4. | हिन्दू नातेदारी का विश्लेषण |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

3. निम्नलिखित समाजशास्त्रियों पर विचार कीजिए

   1. प्रो. ए आर पिल्लै
   2. लुइस ड्यूमा
   3. जी एस घुरिये
   4. श्रीनिवास
   5. के एम कपाड़िया
   6. एन के बोस

   उपरोक्त कथनों में से किसने भारतीय समाज का अध्ययन भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से नहीं किया है?

   (a) 1, 2 और 3
   (b) 3, 4 और 5
   (c) 4 और 6
   (d) 1, 4, 5 और 6

4. जी एस घुरिये से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए
   1. उन्होंने अपने अध्ययन का आधार भारत विद्याशास्त्र को बनाया।
   2. 1962 में उन्होंने 'सोशियोलॉजिकल बुलेटिन' नामक पत्रिका का प्रकाशन किया।
   3. उन्होंने अपनी पुस्तक 'Cites and Civilisation' में तनाव का ऐतिहासिक तुलनात्मक अध्ययन किया।

4. घुरिये ने भारतीय कला, नृत्य और वेशभूषा पर पुस्तकें व लेख लिखकर इनमें भी अपनी रुचि प्रदर्शित की।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 2 और 4
(d) 1 और 4

**5. लुइस ड्यूमा से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए**

1. वे भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य के समर्थक थे।
2. उन्होंने 'कॉन्ट्रिब्यूशन्स टू इण्डियन सोशियोलॉजी' नामक पत्रिका का सम्पादन किया।
3. उन्होंने भारतीय समाज व्यवस्था के कई पक्षों; जैसे- धर्म, विवाह, नातेदारी आदि पर अनेक पुस्तकें लिखीं।
4. उनकी सर्वाधिक चर्चित पुस्तक 'होमो हाइरार क्रिक्स' थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 2 और 3
(b) 4 और 1
(c) 1, 2 और 3
(d) ये सभी

**6. लुइस ड्यूमा की पुस्तक 'होमो हाइरार क्रिक्स' से सम्बन्धित अध्याय एवं विषय को सुमेलित कीजिए**

| सूची I (अध्याय) | सूची II (विषय सामग्री) |
|---|---|
| A. अध्याय 2 | 1. संस्तरण |
| B. अध्याय 3 | 2. व्यवस्था से संरचना की ओर |
| C. अध्याय 4 | 3. सहवर्ती एवं निहितार्थ |
| D. अध्याय 9 | 4. श्रम-विभाजन |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**7. कथन I** ड्यूमा का मानना है कि "भारत एक ऐसा धार्मिक समाज है जो जाति व्यवस्था के शुद्ध संस्तरण व्यवस्था से परिचालित है।"

**कथन II** उन्होंने जाति के अध्ययन हेतु भारत विद्याशास्त्र और संरचनात्मक उपागम दोनों के प्रयोग की बात कही है।

**निष्कर्ष**

(a) कथन I सत्य है
(b) कथन II सत्य है
(c) दोनों कथन सत्य हैं
(d) दोनों कथन असत्य हैं

**8. कथन I** ड्यूमा के अनुसार पवित्रता (शुद्धता) एवं अपवित्रता (अशुद्धता) की अवधारणाएँ संस्कारों पर आधारित हैं।

**कथन II** पवित्रता एवं अपवित्रता से जुड़े मूल्य एवं विचार विभिन्न जातियों में सामाजिक सहवास एवं खान-पान के नियमों को निर्धारित नहीं करते हैं।

**निष्कर्ष**

(a) कथन I सत्य है
(b) कथन II सत्य है
(c) दोनों कथन सत्य हैं
(d) दोनों कथन असत्य हैं

**9. निम्न कथनों पर विचार कीजिए**

1. संरचनात्मक-प्रकार्यवाद का विकास उद्‌विकासवादी, ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक परिप्रेक्ष्यों की सीमाओं को दूर करने के प्रयास के परिणामस्वरूप किया गया।
2. इस उपागम ने वास्तविक तथ्यों का पता लगाने हेतु काल्पनिक तथ्यों को नकार दिया।
3. इसकी आधारभूत मान्यता यह है कि समाज या सामाजिक संरचना का प्रत्येक अंग व इकाई सम्पूर्ण समाज या संरचना को बनाए रखने के लिए निश्चित योगदान प्रदान करती है।
4. इस परिप्रेक्ष्य द्वारा सामाजिक इकाई के प्रकार्य को जानने का प्रयास किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से संरचनात्मक-प्रकार्यवाद से सम्बन्धित है/हैं?

(a) 1 और 2
(b) 3, 4 और 2
(c) ये सभी
(d) इनमें से कोई नहीं

**10. संरचनात्मक-प्रकार्यवादी परिप्रेक्ष्य की प्रमुख विशेषताओं को ध्यान से पढ़िए**

1. यह विश्लेषण, अंगों या तत्त्वों की तुलना में समग्रता या व्यवस्था को अधिक प्राथमिकता देता है।
2. व्यवस्था के विभिन्न अंग परस्पर, प्रकार्यात्मक रूप से जुड़े हुए होते हैं।
3. प्रत्येक अंग या तत्त्व समकलित होकर एक सावयवी समग्र का निर्माण करते हैं।
4. प्रत्येक समाज की अपेक्षाकृत अस्थायी संरचना होती है तथा उनमें बाह्य नियन्त्रण के यन्त्र पाए जाते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं?

(a) केवल 3
(b) केवल 4
(c) 1 और 4
(d) 2 और 3

**11. श्रीनिवास के रामपुरा का संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक अध्ययन से सम्बन्धित निम्न कथनों को पढ़ें तथा वहाँ प्रचलित सामाजिक व्यवस्था में क्या सत्य नहीं था?**

1. ओक्कलिंग प्रभुजाति
2. जनसंख्या का 80% भाग कृषि पर आधारित
3. जजमानी व्यवस्था का प्रचलन
4. वस्तु-विनिमय प्रतिबन्धित

(a) 1 और 3
(b) 3 और 2
(c) 1 और 4
(d) 2 और 4

**12. संस्कृतिकरण की निम्न विशेषताओं को पढ़िए तथा कूट की सहायता से सत्य कथन का चयन कीजिए**

1. इसमें निम्न जाति द्वारा उच्च जाति का अनुकरण किया जाता है।
2. यह दावा वस्तुतः दो पीढ़ी तक करना पड़ता है।
3. संस्कृतिकरण से केवल पदमूलक परिवर्तन होते हैं, संरचनात्मक नहीं।
4. संस्कृतिकरण केवल एक जाति तक सीमित नहीं होता बल्कि यह अन्य जातियों में भी पाया जाता है।

कूट

(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**13.** **कथन** (A) संस्कृतिकरण परिवर्तन की एक प्रक्रिया है।
**कारण** (R) पश्चिमी शिक्षा, औद्योगीकरण आदि संस्कृतिकरण को बढ़ावा देती हैं।

कूट

(a) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**14.** **कथन** I सामाजिक परिवर्तन मात्र सामाजिक सम्बन्धों में होने वाला परिवर्तन है। जबकि सांस्कृतिक परिवर्तन धर्म, ज्ञान, विश्वास, कला, साहित्य, प्रथा, कानून आदि सभी क्षेत्रों में होने वाला परिवर्तन है।
**कथन** II सामाजिक परिवर्तन चेतन एवं अचेतन दोनों परिवर्तनों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है जबकि सांस्कृतिक परिवर्तन प्रायः सचेत प्रयत्नों से घटित होता है।

निष्कर्ष

(a) कथन I सत्य है
(b) कथन II सत्य है
(c) दोनों कथन सत्य हैं
(d) दोनों कथन असत्य हैं

**निर्देश** (प्र. सं. 15-17) *आगामी प्रश्नों में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन* (A) *तथा दूसरे को कारण* (R) *कहा गया है। नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही का चयन करें*

कूट

(a) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**15.** **कथन** (A) सामाजिक परिवर्तन सामाजिक संगठन में घटित होता है।
a **कारण** (R) सामाजिक संगठन सामाजिक परिवर्तन का प्रतिफल है।

**16.** **कथन** (A) सामाजिक परिवर्तन प्रगति की पूर्वापेक्षा है।
c **कारण** (R) किसी भी तरह का सामाजिक परिवर्तन प्रगति ला सकता ह

**17.** **कथन** (A) निश्चय निर्धारण की सामान्य प्रक्रियाएँ जिस प्रणाली में स्थान लेती हैं। उसके दाएँ में धीरे-धीरे परिवर्तन लाती हैं।
a **कारण** (R) संस्कृति सामाजिक परिवर्तन का एक प्रमुख कारक है।

**18.** **निम्नलिखित मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य की विशेषताओं को पढ़िए तथा कूट द्वारा सही विशेषताओं का चयन कीजिए**

1. सामाजिक परिवर्तन सर्वव्यापी है।
2. संघर्ष सर्वव्यापी है।
3. समाज का प्रत्येक तत्त्व इसके विघटन एवं परिवर्तन के लिए योगदान नहीं देता है।
4. प्रत्येक समाज कुछ सदस्यों पर अन्यों द्वारा बाध्यकारिता पर आधारित है।

कूट

(a) 1 और 2
(b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 3

19. निम्न कथनों पर विचार कीजिए
1. मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य का उदय संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक एवं व्यवस्थात्मक परिप्रेक्ष्य के विरोध स्वरूप हुआ।
2. इसमें व्यवस्था में पाए जाने वाले तनाव व संघर्ष के आयामों को अत्यधिक महत्त्व दिया जाता है।
3. इसका मानना है कि वर्तमान में सामाजिक जीवन में सहमति न होकर असहमति, प्रतिस्पर्द्धा तथा स्वार्थों के संघर्ष की प्रधानता होती जा रही है।
4. सिमेल, कोजर, मार्क्स, डेहरेनडॉर्फ, कोलिंस, ड्यूक आदि इसके समर्थक हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 4 और 3
(d) ये सभी

20. डी पी मुखर्जी के मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य से सम्बन्धित कथनों पर विचार कीजिए
1. उनका मानना था कि नगरों में स्वेच्छावाद तथा व्यक्तिवादी प्रवृत्ति प्रबल होती जा रही है।
2. उन्होंने प्रगति के उद्‌विकासीय सिद्धान्त को अस्वीकार किया।
3. परम्पराओं के परिवर्तन में तीन तत्त्वों-श्रुति, स्मृति, तथा अनुभव को मान्यता प्रदान की।
4. उन्होंने सूफियों के प्रेम और अनुभव पर विशेष जोर नहीं दिया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 4 और 2
(c) 1 और 2
(d) 3 और 4

21. निम्न कथनों पर विचार कीजिए
1. ए आर देसाई ने भारतीय समाज के अध्ययन में संरचनावादी सिद्धान्त और पद्धति का प्रयोग किया।
2. उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व में वर्ग-चरित्र की विवेचना पहली बार की।
3. उन्होंने अपने अध्ययन हेतु मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य को चुना।
4. उन्होंने 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' नामक पुस्तक की रचना की।

ए आर देसाई से सम्बन्धित उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 4 और 2
(d) 1 और 3

22. सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य की विशेषताओं पर विचार कीजिए?
1. यह मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।
2. यह संचरणशील होती है।
3. अग्रसर का गुण भी इसमें होता है।
4. यह मानव के बाह्य आचरणों से सम्बन्धित होती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 2, 3 और 4
(d) ये सभी

23. सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य से सम्बन्धित कथनों पर विचार करें
1. सामाजिक वास्तविकता के अध्ययन में सभ्यता को आधार बिन्दु माना जाता है।
2. यह वस्तुनिष्ठ एवं वैज्ञानिक दोनों विधियों से अध्ययन करता है।
3. एन के बोस एवं सुरजीत सिन्हा द्वारा अपनाया गया।
4. सभ्यता ही समाज का दर्पण है तथा इसी से समाज की संरचना एवं विशिष्ट लक्षणों का परिचय प्राप्त होता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) ये सभी
(d) इनमें से कोई नहीं

**24.** **डॉ. बी आर अम्बेडकर से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए**

1. 1927 में उन्हें बम्बई विधानपरिषद् का सदस्य मनोनीत किया गया।
2. 1936 में 'इण्डिपेण्डेण्ट लेबर पार्टी', की स्थापना उन्होंने की।
3. 1944 में उन्हें गवर्नर जनरल की परिषद् का सदस्य मनोनीत किया गया।
4. 1949 में स्वतन्त्र भारत का प्रथम 'विधि-मन्त्री' बनाया गया।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

**25.** **सुमेलित कीजिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. जी एस घुरिये | 1. सोशियोलॉजी ऑफ इण्डियन कल्चर |
| B. लुइस ड्यूमा | 2. ट्रिबल हेरीटेज ऑफ इण्डिया |
| C. एस सी दूबे | 3. ऐस्सेज ऑन इण्डीविजुएलिज्म |
| D. डी पी मुखर्जी | 4. सिटीज एण्ड सिविलाइजेशन |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**26.** **'सोशियोलॉजिकल बुलेटिन' नामक पत्रिका का प्रकाशन किसने किया?**

(a) पी एच प्रभु
(b) रॉबर्ट रैडफील्ड
(c) जी एस घुरिये
(d) डी एन मजूमदार

**27.** **'Cast and Race in India' किसकी पुस्तक है?**

(a) एम एन श्रीनिवास
(b) जी एस घुरिये
(c) मजूमदार
(d) ए आर देसाई

**28.** **एस सी दूबे की अमर कृति 'एक भारतीय ग्राम' में शामीरपेट गाँव का अध्ययन वर्णित है। यह गाँव किस रांज्य में है?**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु (c) महाराष्ट्र (d) गोवा

**29.** **'भारत विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य' से कौन सम्बन्धित है?**

(a) ग्रीन
(b) ए आर देसाई
(c) बोल्ट
(d) जी एस घुरिये

**30.** **'इण्डियन सोशियोलॉजिकल सोसायटी' की स्थापना किसने की?**

(a) श्रीनिवास
(b) जी एस घुरिये
(c) पी एच प्रभु
(d) मैकाइवर एवं पेज

**31.** **'Hierarchy and Marrige Alliance in South Indian Kinship' किसकी पुस्तक है?**

(a) ए आर देसाई
(b) श्रीनिवास
(c) लुइस ड्यूमा
(d) जी एस घुरिये

**32.** **किसने कहा कि "भारत एक ऐसा धार्मिक समाज है जो जाति व्यवस्था के शुद्ध संस्तरण व्यवस्था से परिचालित है"?**

(a) लुइस ड्यूमा
(b) जी एस घुरिये
(c) हार्डीमैन
(d) कॉम्टे

33. श्रीनिवास ने संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक के अध्ययन के लिए निम्न में से किस स्थान को चुना?
(a) द्वारका गाँव (b) रामपुरा गाँव (c) मुम्बई (d) चेन्नई

34. एस सी दूबे की अमर कृति 'एक भारतीय ग्राम' (An Indian Village) कब प्रकाशित हुई?
(a) 1952 में (b) 1953 में (c) 1954 में (d) 1955 में

35. इनमें से कौन अखिल भारतीय समाजशास्त्रीय परिषद् के अध्यक्ष रहे थे?
(a) मजूमदार (b) श्रीनिवास
(c) एस सी दूबे (d) जी एस घुरिये

36. "स्थिति, शक्ति और सीमित साधनों के मूल्यों और अधिकारों के लिए होने वाले संघर्ष को ही सामाजिक संघर्ष कहा जाता है" निम्न में से किसने कहा है?
(a) लुइस ए कोजर (b) डी पी मुखर्जी
(c) एस सी दूबे (d) ओपन हीमर

37. 'Problems of Indian Youth' निम्न में से किसकी पुस्तक है?
(a) ए आर देसाई (b) डी पी मुखर्जी
(c) जी एस घुरिये (d) हार्डीमैन

38. "भारत हेतु समाजशास्त्र के स्थायी विकास की प्रथम शर्त यह है कि इसके और शास्त्रीय भारत विद्याशास्त्र के मध्य उचित सम्बन्धों की स्थापना हो" किसका कथन है?
(a) हार्डीमैन (b) घुरिये
(c) ए आर देसाई (d) लुइस ड्यूमा

39. 1964 ई. में ग्रामीण समाजशास्त्र पर फ्रांस में आयोजित प्रथम विश्व कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया?
(a) ए आर देसाई (b) लुइस ड्यूमा
(c) लुइस ए कोजर (d) डी पी मुखर्जी

40. 1923 में 'द सोशलिस्ट' नामक पहला समाजवादी अखबार निम्न में से किसने निकाला?
(a) चितरंजनदास (b) मोतीलाल नेहरू
(c) एस ए डागें (d) राजा राममोहन राय

41. निम्न पुस्तकों को कालक्रमानुसार बनाइए
1. Problems of Nationalism
2. Canons of Orrisian Architecture
3. Tribal Life in India
4. Excavations in Mayurbang

कूट
(a) 3, 4, 1 और 2 (b) 3, 1, 4 और 2
(c) 1, 3, 4 और 2 (d) 2, 1, 4 और 3

42. इनमें से ए आर देसाई की कौन-कौन-सी कृतियाँ हैं?
1. Social Background of Indian Nationalism
2. Problems of Indian Youth
3. Social Sciences in Changing Society
4. Rural Sociology in India

कूट
(a) 1 और 4 (b) 1 और 2
(c) 3 और 4 (d) 2 और 3

**43. निम्न पर विचार कीजिए**

1. 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय आन्दोलन का विश्लेषण करने वाली प्रमुख कृति मानी जाती है।
2. 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' में जाति एवं कृषि के लिए आन्दोलन करने वाली प्रमुख कृति मानी जाती है।
3. 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' में राष्ट्रवाद को धीमा किया गया।
4. 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' के अध्ययन में मार्क्सवादी विचारधारा और पद्धति का प्रयोग किया गया।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) 3 और 4
(c) केवल 1 (d) केवल 4 ✓

**44. निम्न पर विचार कीजिए**

1. गाँधीवादी विचारकों में एन के बोस की गणना की जाती है।
2. डी पी मुखर्जी मार्क्सवादी के स्थान पर मार्क्सशास्त्री कहलाना पसन्द करते थे।
3. शामीरपेट गाँव के निवासियों की धार्मिक गतिविधियों की चर्चा एस सी दूबे ने चार स्तरों पर की है।
4. 1933 में सूर्यसेन पकड़े गए और उन्हें हावड़ा में फाँसी दी गई।

उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2 ✓ (b) 3 और 4 (c) 1, 2 और 3, (d) 1 और 3

**45. इन्होंने भारतीय राजनीति का 'गुटबाजी राजनीति' पर अध्ययन किया**

(a) सुरजीत सिन्हा (b) डेविड हार्डीमैन ✓
(c) बी आर अम्बेडकर (d) ए आर देसाई

**46. किसने कहा कि "प्रभावी व्यक्ति होते हैं प्रभावी जाति नहीं होती"?**

(a) एस सी दूबे ✓ (b) ए आर देसाई
(c) एम एन श्रीनिवास (d) आर मर्टन

**47. निम्नलिखित समाजशास्त्री में से किस एक ने जाति को विस्तृत स्वजन समूह के रूप में लिया है?**

(a) जी एस घुरिये (b) एम एन श्रीनिवास
(c) मैकिम मेरियट (d) इरावती कर्वे ✓

**48. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. शुचिता और प्रदूषण में विरोध | 1. सुरजीत सिन्हा |
| B. प्रधान जाति | 2. लुइस ड्यूमा |
| C. जनजाति-जाति कृषक निरन्तरता | 3. मैकिम मेरियट |
| D. जाति का गुणात्मक और अन्तः क्रियात्मक विश्लेषण | 4. एम एन श्रीनिवास |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 ✓ |

**49. निम्न में से कौन-सा/से भारतीय विद्याशास्त्र की मान्यताएँ नहीं है/हैं?**

1. किसी समाज का अध्ययन उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि या अतीत को समझे बिना सम्भव नहीं है।
2. धर्म ग्रन्थों, महाकाव्यों तथा ऐतिहासिक प्रलेखों में वर्णित सामग्री ही सम्बन्धित समाज का आदर्श चित्रण करती है।

3. समाज की प्रमुख दशा स्थायित्व एवं मतैक्य है न कि दबाव एवं विरोध पर आधारित।
4. समाज में नैतिक व धार्मिक नियमों की पुनर्स्थापना हेतु परम्परागत दर्शन तथा चिन्तन का ज्ञान जरूरी नहीं है।

कूट

(a) 1 और 2 (b) 3 और 4 (c) 4 और 2 (d) 3 और 2

50. निम्नलिखित में से कौन 'एन्थ्रोपोलॉजिकल सोसायटी ऑफ बॉम्बे' के 1945-50 के दौरान अध्यक्ष रहे?

(a) जी एस घुरिये (b) लुइस ड्यूमा
(c) एम एन श्रीनिवास (d) एस सी दूबे

51. "समाज में परिवर्तन हो रहा है, किन्तु समाज का परिवर्तन नहीं हो रहा है" कहा था

(a) जी एस घुरिये (b) लुइस ड्यूमा
(c) एस सी दूबे (d) एम एन श्रीनिवास

52. ड्यूमा की किस कृति ने उसे एक समाजशास्त्री के रूप में प्रतिष्ठा दिला दी?

(a) ऐस्सेज ऑन इण्डीविजुएलिज्म (b) आइडियोलॉजी एलीमेड
(c) होमो हाइरार क्रिक्स (d) इनमे से कोई नहीं

53. कथन I लुइस ड्यूमा ने भारत विद्याशास्त्रीय, मानवशास्त्रीय तथा उच्च समाजशास्त्रीय सिद्धान्तों का प्रयोग भारतीय समाज के अध्ययन हेतु किया।

कथन II उन्होंने जाति व्यवस्था के अध्ययन हेतु भारत विद्याशास्त्रीय और संरचनात्मक उपागमों के प्रयोग की मनाही की।

निष्कर्ष

(a) कथन I सत्य है (b) कथन II सत्य है
(c) दोनों कथन सत्य हैं (d) दोनों कथन असत्य हैं

54. संरचनात्मक-प्रकार्यवादी की प्रमुख विशेषता नहीं है

1. यह अंगों या तत्त्वों की तुलना में समग्रता या व्यवस्था को अधिक प्राथमिकता देता है।
2. व्यवस्था के विभिन्न अंग या तत्त्व प्रकार्यात्मक रूप से परस्पर जुड़े हुए होते हैं।
3. व्यवस्था का प्रत्येक अंग व्यवस्था बनाए रखने हेतु एक निश्चित सकारात्मक कार्य नहीं करता है।

कूट

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) केवल 3

55. निम्नलिखित में से एम एन श्रीनिवास की कृतियाँ हैं

1. माई बड़ोदा डेज 2. द इण्डियन साधूज
3. कल्चर एण्ड सोसायटी 4. सोशियोलॉजी इन देहली

कूट

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3 (c) 1 और 4 (d) 3 और 4

56. एम एन श्रीनिवास द्वारा अपने अध्ययन हेतु केन्द्र बनाया गया

(a) शामीरपेट गाँव (b) रामपुरा गाँव
(c) धामपुर गाँव (d) राजपुर गाँव

57. निम्न कथनों पर विचार कीजिए

1. संस्कृतिकरण सामाजिक गतिशीलता की एक प्रक्रिया है।
2. संस्कृतिकरण के विभिन्न आदर्श प्रतिमान हैं।
3. यह एक वैयक्तिक प्रक्रिया है।
4. जातीय संस्तरण में उच्च जाति अपनी निम्न जाति का दावा करती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-कौन-सी सांस्कृतिकरण की विशेषताएँ नहीं हैं?

(a) 3 और 4 (b) 1 और 2 (c) 4 और 1 (d) 2 और 3

**58.** शामीरपेट गाँव के निवासियों की धार्मिक गतिविधियों की चर्चा दूबे ने तीन आधारों पर की है। निम्नलिखित में से कौन-सा आधार सही नहीं है?

(a) संज्ञानात्मक (b) भावनात्मक (c) क्रियात्मक (d) संस्थात्मक

**59.** "संघर्ष कुछ मात्रा में आवश्यक रूप से अकार्यात्मक होने की अपेक्षा समूह के निर्माण तथा सामूहिक जीवन की निरन्तरता के लिए आवश्यक तत्त्व है" मानना है

(a) भारतीय विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य का

(b) संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य का

(c) सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य का

(d) मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य का

**60.** ए आर देसाई द्वारा 'भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि' के अध्ययन हेतु अपनाया गया उपागम है

(a) सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य (b) मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य

(c) संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य (d) विद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य

**61.** "सभ्यता से हमारा अर्थ उस सम्पूर्ण प्रविधि तथा संगठन से है जिसे कि मनुष्य ने अपने जीवन की दशाओं को नियन्त्रित करने के प्रयत्न से बनाया है।" कथन है

(a) मैकाइवर एवं पेज (b) ग्रीन

(c) देसाई (d) एन के बोस

**62.** निम्न में कौन-कौन-से सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य के विचारक हैं?

1. ए आर देसाई 2. एन के बोस

3. हार्डीमैन 4. सुरजीत सिन्हा

कूट

(a) 1 और 3 (b) 2 और 3 (c) 3 और 4 (d) 2 और 4

**63.** निम्न कृतियों में से कौन-सी एन के बोस की कृतियाँ हैं?

(a) कल्चरल एन्थ्रोपोलॉजी (b) ट्राइब लाइफ इन इण्डिया

(c) प्रॉबलम्स ऑफ नेशनलिज्म (d) ये सभी

**64.** दलितवादी परिप्रेक्ष्य के समाजशास्त्रियों/विचारकों द्वारा समर्थन किया गया

1. जाति व्यवस्था का विरोध। 2. दलितों हेतु पृथक् प्रतिनिधित्व।

3. अछूतों के सुधार पर बल। 4. श्रमिकों के हितों का समर्थन।

कूट

(a) 2 और 3 (b) 1 और 4 (c) 2, 1 और 3 (d) ये सभी

**65.** डेविड हार्डीमैन सम्बन्धित थे

(a) सभ्यतावादी परिप्रेक्ष्य से

(b) मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य से

(c) दलितवादी परिप्रेक्ष्य से

(d) संरचनावादी परिप्रेक्ष्य से

**66.** 'प्रभुजाति' की विशेषताएँ नहीं हैं

(a) जातीय संस्तरण में उच्च सामाजिक स्थिति

(b) संख्यात्मक शक्ति

(c) आर्थिक व राजनीतिक प्रभुत्व

(d) जातीय संस्तरण में निम्न सामाजिक स्थिति

**67.** 'लोनी खण्ड गाँव' का अध्ययन किया गया था

(a) जी एस घुरिये द्वारा (b) एस सी दूबे द्वारा

(c) देसाई द्वारा (d) लुइस ड्यूमा द्वारा

**68.** सुमेलित कीजिए

| सूची I (विचारक/समाजशास्त्री) | सूची II (पुस्तक) |
|---|---|
| A. जी एस घुरिये | 1. सोसायटी ऑफ इण्डियन कल्चर |
| B. डी पी मुकर्जी | 2. कल्चर एण्ड सोसायटी |
| C. ए आर देसाई | 3. रूरल सोसायटी इन इण्डिया |
| D. एम एन श्रीनिवास | 4. इण्डियन विलेज |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**69.** ग्रामीण समुदाय की विशेषता नहीं है

(a) प्रकृति से प्रत्यक्ष सम्बन्ध
(b) द्वितीयक सम्बन्ध
(c) सदस्यों का सजातीयता पाया जाना
(d) कृषि व्यवसाय

**निर्देश** (प्र. सं. 70-71) *आगामी प्रश्नों में दो वक्तव्य हैं। एक को कथन* (A) *तथा दूसरे को कारण* (R) *कहा गया है। नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही का चयन करें।*

(a) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**70.** **कथन** (A) जनजातीय संस्कृति अपनी अस्मिता खो रही है।
**कारण** (R) जनजातियों में आत्मसात्करण के कारण संक्रियाएँ रहती हैं।

**71.** **कथन** (A) सामाजिक विकास के विकासवादी प्रतिरूप का अधिकार समाजशास्त्रियों के द्वारा परित्याग किया जा रहा है।
**कारण** (R) सामाजिक विकास में तार्किकता की वृद्धि निहित है

**72.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए, तथा कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

## उत्तरम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (c) | 4. (b) | 5. (d) |
| 11. (d) | 12. (d) | 13. (b) | 14. (c) | 15. (a) |
| 21. (b) | 22. (d) | 23. (c) | 24. (d) | 25. (b) |
| 31. (c) | 32. (a) | 33. (b) | 34. (d) | 35. (c) |
| 41. (b) | 42. (a) | 43. (d) | 44. (a) | 45. (b) |
| 51. (b) | 52. (c) | 53. (a) | 54. (d) | 55. (c) |
| 61. (a) | 62. (d) | 63. (d) | 64. (d) | 65. (c) |
| 71. (b) | 72. (c) | 73. (d) | 74. (b) | 75. (c) |

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. एन के बोस | 1. मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य |
| B. बी आर अम्बेडकर | 2. दलितोद्धार |
| C. ए आर देसाई | 3. भारत विद्याशास्त्रीय |
| D. लुइस ड्यूमा | 4. सभ्यतावादी |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**73.** कथन I सभ्यतावादी दृष्टिकोण मूलरूप से मानवशास्त्री उपागम से जुड़ा हुआ है।

कथन II दलितवादी परिप्रेक्ष्य इतिहास के रूढ़िवादी व गुण गाथाओं से युक्त विवेचन को स्वीकार नहीं करता है।

निष्कर्ष

(a) कथन I सत्य है  
(b) कथन II सत्य है  
(c) दोनों कथन असत्य हैं  
(d) दोनों कथन सत्य हैं

**74.** प्रो. घुरिये की पुस्तक 'सोशल टेंसन इन इण्डिया' में वर्णित विभिन्न अध्यायों एवं विषय-वस्तु का मिलान कीजिए

| सूची I (अध्याय) | सूची II (विषय-वस्तु) |
|---|---|
| A. अध्याय 2 | 1. मानव अधिकार |
| B. अध्याय 3 | 2. अल्पसंख्यक तनावों की चर्चा |
| C. अध्याय 8 | 3. हिन्दू-मुस्लिम दंगे |
| D. अध्याय 10 | 4. हिन्दू-मुस्लिम कलाओं का वर्णन |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**75.** निम्नलिखित पुस्तकों में से कौन-सी अम्बेडकर की रचना नहीं है?

(a) अनहिलेशन ऑफ द कास्ट  
(b) द बुद्धा, हिज ड्रामा  
(c) रिक्रिएट्स डेमोक्रेसी इण्डिया  
(d) द अनटचेबल-हू आर दे?

## ...माला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6. (a) | 7. (c) | 8. (d) | 9. (c) | 10. (b) |
| 16. (c) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (a) |
| 26. (c) | 27. (b) | 28. (a) | 29. (d) | 30. (b) |
| 36. (a) | 37. (b) | 38. (d) | 39. (a) | 40. (c) |
| 46. (a) | 47. (d) | 48. (d) | 49. (b) | 50. (a) |
| 56. (b) | 57. (a) | 58. (d) | 59. (d) | 60. (b) |
| 66. (d) | 67. (a) | 68. (d) | 69. (b) | 70. (a) |